बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### टाटा लीज नवीनीकरण पर मूलवासी मंच ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड मूलवासी अधिकार मंच ने टाटा कंपनी के लीज नवीनीकरण से जुड़े मामलों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है। मंच के मुख्य संयोजक हरमोहन महतो के नेतृत्व में दिए गए इस ज्ञापन में रैयतों, मूल निवासियों और विस्थापितों के संवैधानिक और वैधानिक अधिकारों की रक्षा की मांग की गई है। मंच ने आरोप लगाया कि वर्ष 2005 में हुए लीज नवीनीकरण के दौरान रैयतों और विस्थापितों को न्याय नहीं मिला, इसलिए इस प्रक्रिया की जिला स्तर पर पुनः समीक्षा और निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। ज्ञापन में कहा गया है कि लीज नवीनीकरण के समय कई रैयतों की जमीन या तो प्रक्रिया से छूट गई या जानबूझकर शामिल नहीं की गई। ऐसी सभी जमीनों को चिन्हित कर मूल रैयतों को वापस किया जाए। मंच का आरोप है कि बिना लीज या अधिग्रहण के कई भूमि पर कब्जा किया गया है, जिसकी पहचान कर सीएनटी-एसपीटी अधिनियम और भूमि सुधार कानून के तहत अवैध कब्जों पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। मंच ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के पुराने तालाबों, जलस्रोतों और गैर-मजरूआ जमीन को ग्रामसभा के हवाले करने तथा निजी और कॉरपोरेट कब्जा समाप्त करने की मांग की है। मंच ने मूल रैयत खतियानधारियों की जांच के लिए समिति गठित करने की भी मांग की है। ज्ञापन के साथ रैयतों की एक अतिरिक्त सूची संलग्न की गई है। झारखंड मूलवासी अधिकार मंच ने उपायुक्त से सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार कर जरूरी कार्रवाई करने का आग्रह किया है, ताकि रैयतों, मूल निवासियों और विस्थापितों को उनका हक और न्याय मिल सके।

### झारखंड हाई कोर्ट में जस्टिस से नोक-झोंक मामला: अधिवक्ता महेश तिवारी ने मांगी माफी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय में मंगलवार को न्यायामूर्ति राजेश कुमार के साथ नोक-झोंक के मामले में दायर आपराधिक अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत के समक्ष उपस्थित अधिवक्ता महेश तिवारी ने बिना शर्त माफी मांगी, जिसके बाद अदालत ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले की सुनवाई पांच न्यायाधीशों की पूर्ण पीठ ने की, जिसमें मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक के साथ न्यायामूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायामूर्ति रंगन मुखोपाध्याय, न्यायामूर्ति आनंद सेन और न्यायामूर्ति राजेश शंकर शामिल थे। दरअसल, झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति राजेश कुमार की अदालत में एक मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता महेश तिवारी के साथ हुई नोक-झोंक को उच्च न्यायालय ने गंभीरता से लिया था। इसके बाद अदालत संख्या एक में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय पूर्ण पीठ ने मामले की सुनवाई की थी। उस सुनवाई के दौरान न्यायाधीश और अधिवक्ता के बीच हुई नोक-झोंक से संबंधित वीडियो फुटेज भी अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। इस आपराधिक अवमानना मामले में मुख्य न्यायाधीश ने अधिवक्ता महेश तिवारी से घटना को लेकर उनका पक्ष जानना चाहा था, जिस पर उन्होंने कहा था कि उन्होंने पूरे होश में न्यायामूर्ति राजेश कुमार से उक्त बातें कही थीं और उस पर कोई पछतावा नहीं है। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पूर्ण पीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए अधिवक्ता महेश तिवारी को आपराधिक अवमानना का नोटिस जारी किया था। अधिवक्ता महेश तिवारी ने इस नोटिस को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी, लेकिन वहां से उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। मंगलवार की सुनवाई में अधिवक्ता की ओर से बिना शर्त माफी मांगे जाने के बाद उच्च न्यायालय ने मामले में अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया है।

### भगवा को लेकर आपत्तिजनक बयान पर सवर्ण आर्मी और सनातन उत्सव समिति का विरोध

**पूर्वी सिंहभूम।** हाल ही में बाबर खान की ओर से भगवा को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान को लेकर जिले में राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के बीच तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। सवर्ण आर्मी और सनातन उत्सव समिति ने इस बयान को सनातन परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक सौहार्द पर सीधा आघात बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। सवर्ण आर्मी के संयोजक अप्पू तिवारी ने मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भगवा किसी एक राजनीतिक दल या संगठन का प्रतीक नहीं, बल्कि यह भारत की सनातन संस्कृति, त्याग, तपस्या और राष्ट्रबोध का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की भाषा का प्रयोग करोड़ों आस्थावान लोगों की भावनाओं को आहत करता है। उन्होंने कहा कि मेयर चुनाव जैसे संवेदनशील माहौल में इस तरह के बयान समाज को बांटने और तनाव बढ़ाने वाले हैं। अप्पू तिवारी ने प्रशासन से मांग की कि बाबर खान के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाए और उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाई जाए। वहीं, सनातन उत्सव समिति के संस्थापक चिंटू सिंह ने भी इस बयान पर कड़ा एतराज जताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सभी को है, लेकिन यह स्वतंत्रता किसी समुदाय, आस्था या सांस्कृतिक प्रतीक के अपमान की अनुमति नहीं देती। उनके अनुसार, चुनावी समय में इस तरह के वक्तव्य आदर्श आचार संहिता और संवैधानिक मूल्यों की भावना के विपरीत माने जा सकते हैं। दोनों संगठनों ने प्रशासन से अपेक्षा जताई कि ऐसे मामलों में विधिसम्मत संज्ञान लिया जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति समाज में वैमनस्य फैलाने वाले बयान देने का दुस्साहस न कर सके और शहर में शांति एवं सौहार्द बना रहे। उल्लेखनीय है कि बाबर खान ने अपने एक बयान में कहा था कि "भगवा दफन होगा।"

# बिरसा कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**एजेंसी । खूंटी**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, खूंटी इकाई की ओर से संचालित छात्र-केंद्रित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत मंगलवार को बिरसा कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लेते हुए लोकतंत्र को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए मतदाताओं को उनके मतदान अधिकार, लोकतंत्र में वोट की भूमिका तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के महत्व से अवगत कराना रहा। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया एवं निष्पक्ष, निर्भीक तथा विवेकपूर्ण मतदान करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री प्रकाश टूटी ने कहा "लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति मतदाता का वोट है। जब युवा जागरूक होकर मतदान करते हैं, तभी व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है। खूंटी की धरती बिरसा मुंडा की धरती है, जहां से स्वाभिमान और अधिकार की चेतना निकली है। आज उसी चेतना को मताधिकार के माध्यम से आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से किसी भी प्रकार के भय, लालच या दबाव से मुक्त होकर मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बिरसा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. चंद्र किशोर भगत ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों को समझना भी है। मतदाता जागरूकता जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सजग नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। कॉलेज की प्राध्यापिका डॉ. जया भारती कुजूर ने कहा कि जनजातीय समाज के लिए मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व, संस्कृति और भविष्य को सुरक्षित रखने का सशक्त माध्यम है। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी के बिना लोकतंत्र अधूरा है। मतदान के प्रति उदासीनता सामाजिक और राजनीतिक दोनों स्तरों पर नुकसानदायक है। वहीं डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि "मतदान केवल एक दिन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि निरंतर जागरूकता और जिम्मेदारी का विषय है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को सामूहिक मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने, अपने मताधिकार का शत-प्रतिशत उपयोग करने तथा समाज में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बिरसा कॉलेज के शिक्षक, कर्मचारी एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## झारखंड में 10 हजार करोड़ रुपये गायब! बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

**एजेंसी । रांची**



झारखंड में राज्य के खजाने से करीब 10,000 करोड़ रुपये के कथित तौर पर गायब होने के आरोपों को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राज्य सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए। मरांडी ने कहा कि राज्य के वित्त मंत्री द्वारा बार-बार हिसाब मांगे जाने के बावजूद संबंधित विभागों की ओर से कोई जवाब नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्री के निर्देश पर इस मामले में अधिकारियों को बैठक बुलाने को कहा गया था, लेकिन न तो बैठक हुई और न ही किसी स्तर पर जवाब देना जरूरी समझा गया। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकारी खजाने से लगातार राशि निकाली जा रही है, लेकिन वह पैसा कहां और किस मद में खर्च हुआ, इसका कोई लेखा-जोखा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से वित्त मंत्री के निर्देशों की खुली अवहेलना की जा रही है, उससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि सरकार की ओर से अधिकारियों को चुप्पी साधने का निर्देश दिया गया है। बाबूलाल मरांडी ने सत्ता के केंद्रीकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस कोटे के मंत्रियों को पूरी तरह पंगु बना दिया गया है और वे अपने-अपने विभागों में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला अब राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन चुका है। मरांडी के अनुसार, मुख्य सचिव द्वारा पिछले तीन महीनों से जांच से जुड़ी फाइल को दबाकर रखना और सरकार की ओर से कोई स्पष्ट जवाब न दिया जाना संदेह को और गहरा करता है। नेता प्रतिपक्ष ने स्पष्ट किया कि एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाते हुए वे इस घोटाले को जनता के सामने लाएंगे और सक्षम जांच एजेंसियों से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे।

## सड़क निर्माण कार्य को निशाना बनाकर हाईवा फूंका, जांच में जुटी पुलिस

**एजेंसी । पश्चिमी सिंहभूम**

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सुदूरवर्ती आनंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रोबोकेरा इलाके में सोमवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने सड़क निर्माण कार्य को बाधित करने के उद्देश्य से बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अपराधियों ने निर्माण स्थल पर खड़े एक हाईवा वाहन में आग लगा दी, जिससे वाहन का अधिकांश हिस्सा जलकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं मंगलवार सुबह सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। जानकारी के अनुसार, भालडुंगी चौक से साड़ीबा तक लगभग 22 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। बताया जा रहा है कि उक्त सड़क निर्माण कार्य रांची स्थित वैष्णवी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कराया जा रहा है, जिसके मालिक नीरज सिंह हैं। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही आनंदपुर थाना प्रभारी प्रिंस झा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने जले हुए वाहन का निरीक्षण किया, आसपास के क्षेत्र की घेराबंदी कर साक्ष्य जुटाए और निर्माण कार्य में लगे कर्मियों से पूछताछ की। थाना प्रभारी प्रिंस झा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में असामाजिक तत्वों की संलिप्तता की आशंका है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और जल्द ही दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस इस बात की भी गंभीरता से जांच कर रही है कि कहीं इस आगजनी के पीछे किसी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन की भूमिका तो नहीं है।

# पश्चिम सिंहभूम को नक्सल मुक्त बनाने को लेकर ऑपरेशन 'मेघाबुरु' पर उच्चस्तरीय मंथन

**एजेंसी । पश्चिमी सिंहभूम**



जिले को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त करने के लक्ष्य के साथ सुरक्षा एजेंसियों ने अभियान को निर्णायक चरण में पहुंचा दिया है। इसी क्रम में मंगलवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिरीक्षक साकेत कुमार सिंह और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के महानिरीक्षक अनूप बिरथरे जिला मुख्यालय चाईबासा पहुंचे। यहां ऑपरेशन 'मेघाबुरु' के तहत चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों की समीक्षा और आगामी निर्णायक कार्रवाई की रणनीति तय करने के लिए उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की जा रही है। दरअसल, हाल के दिनों में सारंडा के घने जंगलों में हुई बड़ी मुठभेड़ को सुरक्षा बलों की अहम सफलता माना जा रहा है, जिसमें 17 नक्सलियों को मार गिराया गया था। इस मुठभेड़ में आनंद जैसे कुख्यात माओवादी नेता के मारे जाने से संगठन को बड़ा झटका लगा है। इसके बाद संकेत मिले हैं कि सारंडा, पोड़ाहाट और आसपास के दुर्गम वन क्षेत्रों में भी इसी तरह के बड़े और निर्णायक ऑपरेशन लगातार चलाए जाएंगे, जिससे कि नक्सलियों की बची-खुची ताकत को भी पूरी तरह समाप्त किया जा सके। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों के सामने चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। खुफिया सूत्रों के अनुसार, सारंडा के जंगलों में अब भी कई बड़े माओवादी नेता सक्रिय हैं, जिनमें करोड़ों रुपये के इनामी मिसिर बेसरा जैसे कुख्यात नक्सली शामिल बताए जाते हैं। ऐसे में निर्धारित समय-सीमा के भीतर पश्चिमी सिंहभूम को नक्सल मुक्त करना सुरक्षा बलों के लिए एक कठिन, लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण लक्ष्य बना हुआ है। इस दौरान सीआरपीएफ आईजी साकेत कुमार सिंह और एसटीएफ आईजी अनूप बिरथरे के हेलीकॉप्टर से चाईबासा पहुंचने पर टाटा कॉलेज मैदान में कोल्हान पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) अनुरंजन किस्पोट्टा और पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित रेणु ने उनका स्वागत किया।

# अर्धनिर्मित डायवर्सन बना मुसीबत, धूल और हादसों से राहगीर परेशान



**एजेंसी । खूंटी**

खूंटी–सिमडेगा मुख्य मार्ग पर पेलौल गांव के समीप बनई नदी पर बनाया जा रहा अस्थायी डायवर्सन इन दिनों राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गया है। पुल टूटने के बाद वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में तैयार किया जा रहा यह डायवर्सन अभी तक अधूरा है, जिसके कारण यहां से गुजरने वाले लोगों को रोजाना धूल, जाम और दुर्घटना के खतरे का सामना करना पड़ रहा है। अर्धनिर्मित डायवर्सन से लगातार उड़ रही धूल ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों, पैदल राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धूल के कारण खांसी, एलर्जी और सांस संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। वहीं धूल की मोटी परत के कारण वाहन चालकों को रास्ता साफ नजर नहीं आता, जिससे अक्सर डायवर्सन के पास दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई बार वाहन फिसलकर गिर जाते हैं या आमने-सामने टकराने की स्थिति बन जाती है। उल्लेखनीय है कि खूंटी–सिमडेगा रोड पर वर्ष 2007 में बना पुल 16 जून 2025 को भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त होकर टूट गया था। इसके बाद आवागमन बहाल रखने के लिए बनई नदी पर 1 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से डायवर्सन निर्माण कार्य शुरू किया गया। हालांकि कार्य प्रारंभ हुए करीब आठ महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक यह पूरा नहीं हो पाया है। निर्माण की धीमी रफ्तार से लोगों में आक्रोश भी देखा जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और वाहन चालकों का कहना है कि यह मार्ग राजधानी रांची और खूंटी के अलावा ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के बीच महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। ऐसे में अधूरा डायवर्सन लोगों की जान जोखिम में डाल रहा है। लोगों ने विभाग से जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने और धूल से राहत के लिए नियमित पानी छिड़काव की मांग की है। इस संबंध में पथ निर्माण विभाग के कनीय अभियंता अमित कुमार ने बताया कि बहुत जल्द डायवर्सन पर पिचिंग का काम शुरू कर दिया जाएगा, इससे धूल की समस्या कम होगी और आवागमन सुगम हो सकेगा। विभाग ने आश्वासन दिया है कि कार्य को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।


**कार्यालयः जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, पलामू**
**(पंचायत शाखा)**
**Email ID- dpropalamu2012@gmail.com**

**आम सूचना**

सर्व सधारण एवं पलामू जिला अन्तर्गत सभी नगर निकाय क्षेत्रों यथा मेदिनीनगर नगर निगम (वर्ग–ख), विश्रामपुर नगर परिषद् (वर्ग–ख), हुसैनाबाद नगर पंचायत, हरिहरगंज नगर पंचायत तथा छत्तरपुर नगर पंचायत के सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के निमित राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची में नियंत्रण कक्ष की स्थापित की गयी है, जिसका दूरभाष संख्या निम्नवत है :–

| स्थान का नाम | दूरभाष संख्या |
|---|---|
| राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची, नियंत्रण कक्ष | 8987791131<br>8987791132 |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, पलामू

PR 372688 (Palamu)25-26*D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना।**
**( चोरी की गई सुपर स्पलेण्डर मोटरसाईकिल )**

गढ़वा थाना कांड सं0–475/2025 दिनांक–14.10.2025 धारा–303(2) बी0एन0एस0 2023 में चोरी की गयी सुपर स्पलेण्डर मोटरसाईकिल जिसका रजी0 नं0– JH03G4704, चेचिस न0– 07DACF17926, इंजन नं0–07DACE17358 का अज्ञात चोर के द्वारा दिनांक–11.10. 2025 की रात्री में रामासाहू उच्च विधालय के मैदान से चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 94317 06281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.372715 Police(25-26):D



**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।**
दूरभाष (मो0) सं0–8987263405 (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 **(Section-III)**
(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) (कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार संरचना/मकान/भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा/आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा–बटसारा, थाना–पण्डवा, थाना नं0–203
पत्रांक–66/भू0अ0, दिनांक–27.01.2026

| क्र० स० | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बटसारा | 311 | 1695/P | केसरे हिन्द (भारत सरकार) | परती | 0.000 संरचना | 1 | मन्टु ठाकुर, पिता स्व० हलखोरी ठाकुर | अधियाची विभाग (NHAI) के द्वारा भूमि पर अवस्थित संरचना का प्राक्कलन तैयार कर उपलब्ध कराया गया है, जिसका सत्यापन कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, डालटनगंज के द्वारा कराई गई है, जिसके पश्चात् इस कार्यालय द्वारा द र मूल्यांकन की गणना तालिका तैयार कर उपायुक्त महोदय के अनुमोदनोंपरांत अधियाची विभाग (NHAI) से राशि की मांग की गई थी, जिसे परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, मेदिनीनगर द्वारा उपलब्ध करा दी गई है। |
| 2 | | 311 | 1695/P | केसरे हिन्द (भारत सरकार) | परती | 0.000 संरचना | 2 | प्रदीप राम, पिता स्व० गनौरी राम | |
| 3 | | 311 | 1695/P | केसरे हिन्द (भारत सरकार) | परती | 0.000 संरचना | 3 | राजबली ठाकुर, पिता स्व० सीताराम ठाकुर | |
| | | | | | कुल | 0.0000 | | | |

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय,पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 372693 Palamu(25-26)D



**कार्यालय नगर परिषद् विश्रामपुर (पलामू)**
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu
(Jharkhand), Pin code-822132
Email id:-nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**अति–महत्वपूर्ण**
पत्रांक **514**/न0प0, दिनांक **09/02/2026**

**पूर्व स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के तहत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों से संबंधित अति–महत्वपूर्ण सूचना :–**

प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के पुराने स्वीकृत व प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों को बहुत ही खेद के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि इस कार्यालय के ज्ञापांक–1538, दिनांक–08.11.2025 द्वारा दिनांक 31 दिसम्बर 2025 तक आवास पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया था परन्तु अब तक आपलोगो द्वारा आवास का काम पूरा नहीं किया गया है। आपकी इस उदासीन रवैये एवं हठधर्मिता के कारण सरकार की अति महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना ससमय पूर्ण नहीं हो पा रही है ऐसा प्रतीत होता है कि आप आवास बनाने के इच्छुक नहीं हैं या अपनी मर्जी अनुसार बनाने के इच्छुक हैं।

निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक 102 दिनांक 22/01/2026 द्वारा निदेश प्राप्त है कि विस्तारित अवधि यानि 31 मार्च, 2026 के भीतर सभी लंबित आवासों को मिशन मोड में पूर्ण करना है।

अतः उक्त निदेश के आलोक में आप सभी को सूचित किया जाता है कि उक्त समयावधि के अन्दर आवास निर्माण पूर्ण कर नगर परिशद कार्यालय को सूचित कर जियोटैगिंग कराते हुए राशि प्राप्त कर एक सजग व जागरूक नागरिक होने का परिचय दें। वर्षो से सरकारी राशि लेकर कार्य नहीं करने वाले लाभुको का बैंक खाता से निकासी पर रोक लगाने की कार्रवाई कार्यालय द्वारा की गयी है।

उक्त निर्धारित समय–सीमा **दिनांक 31 मार्च, 2026** के भीतर सभी लंबित आवासों पूर्ण करने की सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित लाभुको की होगी अन्यथा उक्त अवधि के बाद लाभुको को अपने संसाधनो से आवासों को पूरा करना होगा। विभाग से राशि अप्राप्त रहने की स्थिति में भुगतान करना न ही लाभुको के किसी आवेदन/दावा पर विचार करना संभव होगा।

प्रशासक,
नगर परिषद्, विश्रामपुर

PR 372742 (District)25-26*D

## न्यूज बाइट्स

### पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** हसपुरा प्रखंड के सलेमपुर गांव में मंगलवार को जीविका प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई, हसपुरा द्वारा एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य पशुपालकों को उनके पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान करना था। शिविर का विधिवत उद्घाटन पशुपालन प्रभारी डॉ. आशुतोष कुमार, एमवीयू डॉ. अक्षय कुमार और बीपीएम आलोक चंद्र सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस पशुपालन शिविर में अहियापुर, सलेमपुर सहित दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में महिला और पुरुष पशुपालक पहुंचे। उन्होंने अपने पशुओं की बीमारियों के बारे में डॉ. आशुतोष कुमार और डॉ. अक्षय कुमार को बताया। डॉक्टरों ने पशुपालकों की समस्याओं को सुनकर उन्हें उचित सलाह दी और दवाएं भी वितरित कीं।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू

**रफीगंज (औरंगाबाद) (एसवीवी. सं.)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 से 27 फरवरी तक चलने वाले डोर-टू-डोर अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने स्वयं फाइलेरिया की दवा खाकर इस अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने फाइलेरिया को एक गंभीर बीमारी बताया, जिसमें प्रभावित व्यक्ति के हाथ-पांव हाथी के पैर की तरह सूज जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का कोई स्थायी इलाज नहीं है, इसलिए बचाव ही एकमात्र उपाय है। सरकार द्वारा घर-घर जाकर फाइलेरिया की दवा दी जा रही है, ताकि लोग समय पर दवा का सेवन कर सुरक्षित रह सकें और बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके। डॉ. सिंह ने लोगों से अपील की कि स्वास्थ्यकर्मी जब दवा देने आएं तो उसे अवश्य खाएं। उन्होंने बताया कि दवा खाने के बाद कुछ व्यक्तियों को हल्की उल्टी, चक्कर या खुजली जैसी शिकायत हो सकती है, लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है।

बीते दो दिनों के भीतर हुई दो अलग-अलग घटनाओं ने लोगों को झकझोर कर रख दिया

# महिला और वृद्ध का मिला शव, महिला के शव के पास पड़ी थी मासूम बच्ची

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद


महिला के पास पड़ी थी बच्ची

औरंगाबाद में बीते दो दिनों के भीतर हुई दो अलग-अलग घटनाओं ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। एक ओर सलैया रेलवे स्टेशन परिसर के पास एक अज्ञात महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिसके साथ उसकी नन्ही बच्ची भी मिली थी। वहीं दूसरी ओर बारुण थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक अज्ञात बुजुर्ग की जान चली गई। पुलिस दोनों मामलों में पहचान सुनिश्चित करने में जुटी है।

नवीनगर प्रखंड अंतर्गत सलैया रेलवे स्टेशन के पास 6 फरवरी को स्थानीय लोगों ने एक अज्ञात महिला को गंभीर हालत में उसकी मासूम बेटी के साथ पड़ा देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को तत्काल सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेजा गया। इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। इस संबंध में पुलिस कार्यालय की ओर से प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की गई है।

महिला के साथ मौजूद बच्ची की उम्र करीब डेढ़ से दो साल बताई जा रही है। घटना के समय बच्ची बेहद डरी-सहमी और असहाय अवस्था में थी। महिला की मौत के बाद उसके शव को पहचान के उद्देश्य से सदर अस्पताल के शीतगृह में सुरक्षित रखा गया है, ताकि कोई परिजन सामने आकर पहचान कर सके। पुलिस आसपास के थानों से समन्वय कर रही है और सोशल मीडिया के माध्यम से भी सूचना साझा की जा रही है।

### मासूम बच्ची बाल कल्याण समिति को सौंपी गई

इस पूरे मामले का सबसे संवेदनशील पहलू महिला की मौत के बाद बच्ची का बेसहारा हो जाना रहा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने मानवीय पहल करते हुए बच्ची को बाल कल्याण समिति के सुपुर्द कर दिया। समिति ने बच्ची को संरक्षण में लेते हुए उसके भोजन, स्वास्थ्य जांच, देखभाल और मानसिक सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल ली है। समिति के अनुसार बच्ची पूरी तरह सुरक्षित है और उसे आवश्यक चिकित्सकीय व भावनात्मक सहयोग दिया जा रहा है। परिजनों के सामने आने तक बच्ची राज्य संरक्षण में रहेगी।

दूसरी घटना बारुण थाना क्षेत्र के जनकोप मोड़ की है, जहां एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक के पास से कोई पहचान पत्र या दस्तावेज बरामद नहीं हुआ है, जिससे पहचान में कठिनाई आ रही है।

जिला प्रशासन और पुलिस दोनों मृतकों की पहचान के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आसपास के थाना क्षेत्रों को सूचना दी गई है और आम नागरिकों से अपील की गई है कि यदि किसी को मृतकों या उनके परिजनों के बारे में कोई जानकारी हो, तो वे तुरंत बारुण या नवीनगर थानाध्यक्ष से संपर्क करें। पहचान होने पर शव परिजनों को सौंपे जाएंगे, अन्यथा सरकारी प्रावधानों के तहत अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

# औरंगाबाद में 52% किसानों की बन चुकी है फार्मर आईडी, मिशन मोड में अभियान तेज

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में "फार्मर रजिस्ट्री – किसान की डिजिटल पहचान" अभियान के तहत अब तक 1,03,815 किसानों की फार्मर आईडी तैयार की जा चुकी है। यह जानकारी बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में दी गई। बैठक में औरंगाबाद जिला से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव तथा जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज उपस्थित रहे। अभियान के अंतर्गत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया को मिशन मोड में संचालित करने के लिए जिले की विभिन्न पंचायतों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। ये शिविर पंचायत सरकार भवनों एवं अन्य सरकारी भवनों में आयोजित किए जा रहे हैं, जहां कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर किसानों की फार्मर आईडी से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं का निष्पादन सुनिश्चित कर रहे हैं।

### 14 फरवरी तक बढ़ी तिथि

मुख्य सचिव, बिहार ने बताया कि यह अभियान थर्ड मिशन मोड में चलाया जा रहा है तथा इसकी तिथि को 11 फरवरी से बढ़ाकर 14 फरवरी तक कर दिया गया है। उन्होंने जिले को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत फार्मर आईडी निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव के निर्देशों के आलोक में जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अभियान का समयबद्ध, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही शिविरों के अतिरिक्त डोर-टू-डोर अभियान चलाकर शेष एवं लंबित किसानों की फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र पूरी कराने तथा कार्य की सतत निगरानी करने को कहा गया।

### लक्ष्य बनाम उपलब्धि

जिले में कुल 2,00,529 किसानों का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरुद्ध अब तक 1,03,815 किसानों की फार्मर आईडी बन चुकी है। इस प्रकार जिले ने 52 प्रतिशत प्रगति हासिल कर ली है।

# एएसआई को फंसाने की साजिश का खुलासा, होमगार्ड जवान गिरफ्तार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में एक गंभीर साजिश का पर्दाफाश हुआ है, जिसमें एक होमगार्ड जवान ने ट्रांसफर का बदला लेने के लिए पुलिस अधिकारी को झूठे मामले में फंसाने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी होमगार्ड जवान विवेक कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला कुटुंबा थाना में पदस्थापित एएसआई महेंद्र पासवान के सरकारी क्वार्टर में शराब रखे जाने से जुड़ा है। पुलिस जांच में सामने आया है कि विवेक कुमार ने साजिश के तहत एएसआई महेंद्र पासवान के सरकारी कमरे में शराब रखी और फिर स्वयं वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी, ताकि एएसआई को बदनाम किया जा सके। इस घटना के बाद 27 नवंबर को एएसआई के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी और उन्हें गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया गया था। झूठे आरोपों के कारण न केवल उन्हें जेल की यातना सहनी पड़ी, बल्कि विभागीय स्तर पर उनकी छवि को भी गंभीर क्षति पहुंची। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधिकारियों ने मामले की गहन जांच का आदेश दिया। अनुसंधान की जिम्मेदारी एसआई उमेश कुमार को सौंपी गई। तकनीकी और वैज्ञानिक जांच, लोकेशन डेटा तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट हो गया कि पूरे मामले की साजिश होमगार्ड जवान विवेक कुमार ने रची थी। जांच में यह भी सामने आया कि वह थाना की गोपनीयता भंग करने और अनैतिक गतिविधियों में भी संलिप्त था।

थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि विवेक कुमार की संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए करीब 20 दिन पहले ही उसका स्थानांतरण नबीनगर थाना कर दिया गया था। तकनीकी अनुसंधान में उसकी संलिप्तता प्रमाणित होने के बाद नबीनगर थाना से उसकी गिरफ्तारी की गई और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तारी के बाद एएसआई महेंद्र पासवान ने भावुक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि घटना के दिन वे एक कैदी को लेकर कोर्ट गए हुए थे और उसी दौरान साजिश रची गई। उन्होंने कहा कि बेवजह उन्हें चार दिन जेल में रहना पड़ा और मानसिक पीड़ा सहनी पड़ी, लेकिन आज सच्चाई सामने आने से न्याय की जीत हुई है। पुलिस विभाग का मानना है कि इस मामले में सच्चाई का सामने आना विभागीय विश्वास बहाली की दिशा में एक अहम कदम है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की साजिशें पुलिस व्यवस्था की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाती हैं और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय शिविर, 35 मामलों का ऑन स्पॉट हुआ निष्पादन

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)



ओबरा प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार को ओबरा प्रखंड में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता अभिलाषा शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार गीत के सामूहिक गायन से हुआ, जिसके बाद जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अन्य वरीय पदाधिकारियों एवं प्रखंड प्रमुख द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन और फीता काटकर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर दाउदनगर के अनुमंडल पदाधिकारी ने जिलाधिकारी को पौधा भेंट कर सम्मानित किया। वहीं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों का भी पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित नागरिकों का स्वागत किया और कहा कि औरंगाबाद जिले के स्थापना के 54 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रशासन गांव की ओर की भावना तथा सात निश्चय-3 के अंतर्गत सबका सम्मान–जीवन आसान पहल के तहत प्रशासन आम नागरिकों के द्वार तक पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कर रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सरल, सुगम और पारदर्शी माध्यम से विभिन्न सरकारी सेवाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर जाकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दें, जिनका निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया और आवेदकों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के शीघ्र एवं प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए। शिविर में पात्र लाभार्थियों के बीच आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड और राशन कार्ड का वितरण भी किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा कुल 33 स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, निःशक्तता पेंशन योजना, बैंकिंग सेवाएं, मनरेगा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, नल-जल योजना, कौशल विकास योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना और मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना जैसी योजनाएं शामिल रहीं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर दवा वितरण, नेत्र परीक्षण, चश्मा वितरण, रक्त जांच, आयुष्मान भारत कार्ड और यूडीआईडी कार्ड से संबंधित सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अलावा जिला बाल संरक्षण इकाई, प्रधानमंत्री आवास योजना, आईसीडीएस, शिक्षा विभाग और राजस्व विभाग ने भी अपने-अपने स्टॉल लगाए।

## शराब बेचने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**मदनपुर (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले के सलैया थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को कंचनपुर गांव स्थित पहाड़ के पास से दो बाइक पर सवार तस्करों को पकड़ा। पुलिस ने उनके पास से भारी मात्रा में देशी शराब और स्प्रिट बरामद की है। सलैया थाना के एसएचओ कन्हैया शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह छापेमारी की गई थी। इस दौरान ग्राम कंचनपुर स्थित पहाड़ी के पास से तीन शराब तस्करों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के प्राणपुर निवासी 28 वर्षीय सुदर्शन चौधरी पुत्र उपेन्द्र चौधरी, गयाजी जिला के लुटुआ थाना क्षेत्र के बड़ाटार निवासी 38 वर्षीय बालदेव यादव पुत्र हुसैनी यादव और ग्राम डुमरी निवासी 40 वर्षीय सूर्यदेव यादव पुत्र स्वर्गीय चंदा यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोटरसाइकिल, 50 लीटर देसी महुआ शराब और 10 लीटर स्प्रिट शराब बरामद की है। बरामद दोनों बाइकों को जब्त कर लिया गया है। तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# साहित्य, कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को मिलेगा अवार्ड

- ठक में बिहार, झारखंड, यूपी, एमपी, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, तेलंगाना सहित कई राज्यों से प्रतिनिधियों की सहभागिता।

एसवीवरी संवाददाता | औरंगाबाद

साहित्य, कला, संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को महादेवी वर्मा अवार्ड प्रदान किया जाएगा। इसके लिए ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) ने चयन समिति का गठन कर दिया है। यह निर्णय जीकेसी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की एक वर्चुअल बैठक में लिया गया, जो सोमवार की रात ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता कमल किशोर ने मंगलवार को बताया कि बैठक में आगामी 4 अप्रैल को पटना में जीकेसी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक तथा 5 अप्रैल को पटना में महादेवी वर्मा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इन कार्यक्रमों की रूपरेखा, उद्देश्य और तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वर्चुअल बैठक में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और असम सहित देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी जुड़े, जिससे यह बैठक राष्ट्रीय स्तर की सहभागिता और विचार-विमर्श का सशक्त मंच बनी। बैठक में प्रमुख रूप से प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन, महासचिव नवीन कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन सक्सेना, निलेश वर्मा, बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक, सुभाषिनी स्वरूप, शालिनी सिन्हा, धनंजय प्रसाद सहित विभिन्न राज्यों के अध्यक्ष एवं महासचिव शामिल हुए। वक्ताओं ने संगठन को वैचारिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने तथा सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के विस्तार पर अपने विचार रखे। बैठक में वर्ष 2024, 2025 और 2026 के लिए महादेवी वर्मा अवार्ड प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया। यह सम्मान साहित्य, कला, संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय और प्रेरणादायी योगदान देने वाली हस्तियों को दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि महादेवी वर्मा अवार्ड कार्यक्रम अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है और अल्प समय में ही इसने देश के प्रतिष्ठित सम्मानों में अपनी सशक्त पहचान स्थापित की है।

# श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शहर के डीआरसीसी स्थित सभाकक्ष में मंगलवार को श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग द्वारा श्रम अधिकार दिवस सह ग्रामीण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप श्रमायुक्त (मगध) विनोद कुमार ने की।

शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं बिहार गीत के गायन के साथ हुआ। मंच संचालन श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी संजिव कुमार और विजेंद्र सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न अधिनियमों और योजनाओं की जानकारी श्रमिकों को विस्तारपूर्वक दी गई। इसमें बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना 2011, बिहार प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना 2008, ई-श्रम, श्रम योगी मानधन योजना, बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986, बंधुआ मजदूर अधिनियम, कर्मकार प्रतिकर अधिनियम तथा ग्रेच्युटी अधिनियम शामिल रहे। उप श्रमायुक्त विनोद कुमार ने कर्मकार प्रतिकर अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी श्रमिक की मृत्यु कार्य के दौरान हो जाती है, तो उसके सभी योग्य आश्रितों को समान रूप से अनुदान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जो कामगार किसी संस्थान में पांच वर्ष या उससे अधिक समय तक कार्य करते हैं और किसी कारणवश सेवा से अलग होते हैं, उन्हें नियोजक द्वारा ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाना अनिवार्य है।

# बाल विवाह रोकथाम को लेकर शपथ समारोह, पुलिस ने लिया संकल्प



निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)

जिले के गोह थाना परिसर में मंगलवार दोपहर करीब एक बजे बाल विवाह उन्मूलन को लेकर एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दीप ज्योति कल्याण संस्थान द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करना था। समारोह के दौरान संस्थान के प्रतिनिधि डीसी रितेश कुमार ने उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह न केवल एक गंभीर सामाजिक बुराई है, बल्कि यह कानूनन अपराध भी है। उन्होंने कहा कि कम उम्र में शादी बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और उनके समग्र विकास में सबसे बड़ी बाधा बनती है। इस अवसर पर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार सिंह ने सभी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि समाज से इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए पुलिस और समाज दोनों की सक्रिय भूमिका आवश्यक है।

उन्होंने अपील की कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले, तो तत्काल संबंधित पदाधिकारी या थाना को सूचित किया जाए, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम के अंत में बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। समारोह में दर्जनों पुलिस पदाधिकारी, कर्मी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे और

# सदर विधायक ने विस में रखी देव में डिग्री कॉलेज खोलने की मांग

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



त्रिविक्रम नारायण सिंह ने बिहार विधानसभा के चालू बजट सत्र में मंगलवार को शून्यकाल के दौरान देव प्रखंड मुख्यालय में डिग्री कॉलेज खोलने की मांग को प्रमुखता से उठाया। इस मांग को रखते हुए विधायक ने सदन के माध्यम से शिक्षा मंत्री से इस विषय पर सरकार की स्थिति स्पष्ट करने का आग्रह किया। उन्होने सदन को अवगत कराया कि देव में डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग स्थानीय जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों द्वारा लंबे समय से की जा रही है। कहा कि देव प्रखंड मुख्यालय की आबादी 5000 से अधिक है तथा यह क्षेत्र नगर निकाय के रूप में अधिसूचित है, जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, थाना एवं अन्य प्रशासनिक संस्थान संचालित हैं। इसके बावजूद उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से क्षेत्र के युवाओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि देव प्रखंड नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है और इसे आकांक्षी प्रखंड के रूप में भी चिन्हित किया गया है। ऐसे क्षेत्र में उच्च शिक्षा संस्थान की कमी के कारण हजारों छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए बाहर पलायन करना पड़ता है, जिससे विशेषकर गरीब और बालिकाओं की शिक्षा प्रभावित होती है।

विधायक ने सरकार से यह जानना चाहा कि क्या राज्य सरकार देव नगर पंचायत क्षेत्र में डिग्री कॉलेज खोलने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो इसे कब तक स्थापित किया जाएगा। विधायक द्वारा सदन में इस मुद्दे को उठाए जाने से देव प्रखंड के लोगों में उम्मीद जगी है कि सरकार क्षेत्र की शैक्षणिक जरूरतों को देखते हुए सकारात्मक निर्णय लेगी।

# फार्मर आईडी ई-केवाईसी अभियान सफल, चार वार्डों में बड़ी संख्या में किसानों ने पूरी कराई प्रक्रिया

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



रफीगंज नगर क्षेत्र में किसानों के लिए फार्मर आईडी ई-केवाईसी अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान का उद्देश्य किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना, दस्तावेजों का सत्यापन सुनिश्चित करना तथा योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना रहा। यह अभियान रफीगंज के मौजा रफीगंज अंतर्गत वार्ड संख्या 8, 9, 10 और 11 में चलाया गया, जहां बड़ी संख्या में किसानों ने पहुंचकर अपनी फार्मर आईडी का ई-केवाईसी कराया। शिविरों में किसानों में खासा उत्साह देखा गया और अधिकांश ने मौके पर ही प्रक्रिया पूरी कराई। अभियान के संचालन में किसान सलाहकार संजय कुमार, सर्वे अमीन सुधा कुमारी एवं माला कुमारी, बीएलओ मनीष कुमार, विकास मित्र जितेंद्र कुमार और शोभा कुमारी, तथा आजीविका सीआरपी सोनी शर्मा, किरण देवी और साबित देवी ने सक्रिय भूमिका निभाई। कर्मियों ने किसानों को ई-केवाईसी की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि फार्मर आईडी का अद्यतन रहना आवश्यक है, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो और योजनाओं का लाभ सीधे किसानों के खाते में पहुंच सके।



